कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बलरामपुर

(नजारत अनुभाग)

सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–2025 के लिए जनपद न्यायालय, बलरामपुर के नवीन न्यायालय परिसर बलरामपुर में कैन्टीन व बाग की फसल तथा पुराना न्यायालय परिसर में कैन्टीन, पार्किंग, फोटो ग्राफी व फोटो स्टेट शेड की खुली नीलामी दिनांक 23.04.2024 समय 04:30 बजे सांय नवीन न्यायालय परिसर के मीटिंग हाल में की जानी है। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति अपना आवेदन 22.04.2024 तक सांय 05 बजे तक केन्द्रीय नजारत अनुभाग जजी बलरामपुर में प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त के सन्दर्भ में खुली नीलामी हेतु बायलॉज संलग्न कर दिये गये है।

उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या–256/78––2–2018–42आई0टी0/2017टी0सी0 के अन्तर्गत वित्त (लेखा) अनुभाग–1, उ0प्र0 के शासनादेश संख्या ए–1–864/दस–08–15(1)/86 दिनांक 23 सितम्बर 2008 के अनुरूप रू 1,00,000/– से अधिक मूल्य के सामान/सेवायें टेण्डर आमंत्रित करने की निविदाओं के लिये सीमा बढाकर 10,00,000/– रूपये कर दिया गया। नवीन न्यायालय परिसर बलरामपुर में कैन्टीन व बाग की फसल तथा पुराना न्यायालय परिसर में कैन्टीन, पार्किंग, फोटो ग्राफी व फोटो स्टेट शेड के लिये बुक मूल्य 10,00,000/– रूपये से कम है।

अतः ई–टेण्डरिंग पोर्टल पर खुली नीलामी नोटिस डाले जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

जनसाधारण की सूचना हेतु उपरोक्त नोटिस http://www.allahabadhighcourt.in/ तथा https://districts.ecourts.gov.in/balrampur पर विस्तृत जानकारी को माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन के उपरान्त अपलोड कर दिया जायेगा।

जनसाधारण की सूचना हेतु संलग्नक नोटिस दैनिक समाचार पत्रों में भी प्रेषित कर दिये जायेगें।

आदेश की प्रतिलिपि निम्न सूचना पटों पर चस्पा कराया जाए :–

1. जनपद न्यायालय, बलरामपुर,
2. जिलाधिकारी कार्यालय, बलरामपुर, तहसील, बलरामपुर,
3. लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड), बलरामपुर,
4. रोडवेज़ बस स्टेशन, बलरामपुर,
5. रेलवे स्टेशन (झारखण्डी), बलरामपुर,
6. विकास भवन, बलरामपुर के सूचना पटो पर चस्पा किया जाए।
7. जिला सूचना अधिकारी बलरामपुर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
8. सिस्टम ऑफीसर, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय बलरामपुर की बेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
9. सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा।
10. हैन्डबिल/पैम्फलेट प्रिन्ट करवाकर प्रमुख होटलों, रेस्टोरेन्ट व ढ़ाबो के आसपास व शहर के अन्य क्षेत्रों में वितरित कराएं जाय।

दिनांक–29.03.2024

29.03.2024

(ज्ञानेन्द्र कुमार–II)
सदस्य, नीलामी समिति/
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
बलरामपुर।

(जहेन्द्र पाल सिंह)
सदस्य, नीलामी समिति/
अपर सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश(पाक्सो एक्ट)
बलरामपुर।
(अवकाश पर)

29-03-2024

(विनोद कुमार–V)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश(एस0सी0/एस0टी0 एक्ट),बलरामपुर।